हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 12 .7 डिग्री

11 शोध, इंटर्नशिप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग ...



12 गांधी कैंप क्षेत्र में डेयरी सील कर छह पशु कब्जे में लिए



**खबर संक्षेप**

### हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की बैठक कल

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज रोहतक की मासिक बैठक 5 नवम्बर को मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब, रोहतक में सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य तथा समाज के समस्त पेंशनर सदस्य भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान दयानंद यादव करेंगे, जबकि जिला चेयरमैन देबी सिंह देसवाल कार्यक्रम का स चालन करेंगे।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। एवीटी स्टाफ प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही सुरेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम बस अड्डा महम के पास गश्त पर थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांव गंगानगर की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध युवक को काबू किया।

### 6 को बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन

**रोहतक।** जिला रोहतक के बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी 6 नवम्बर को अपनी लंबित मांगों को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।



यह प्रदर्शन नैशनल हेल्थ मिशन में कार्यरत महिला बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मियों की राज्य स्तरीय आंदोलन की कड़ी के रूप में आयोजित किया जा रहा है। बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान विनोद हुड्डा एवं जिला सचिव संदीप गोस्वामी ने बताया कि वर्षों से लंबित मांगों जैसे नियमितीकरण नीति लागू करना, 4200 ग्रेड पे के साथ मूल वेतनमान देना, वर्दी व यात्रा भत्ता तथा सेवानिवृत्ति लाभों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है।

**कार्रवाई से हड़कंप :** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए निगम का विशेष अभियान

# अतिक्रमण करने वालों की खैर नहीं, 30 से अधिक दुकानदारों का सामान जब्त

*निगम की टीम ने मुख्य बाजारों और व्यस्त इलाकों में सड़कों व फुटपाथों पर किए गए कब्जों को हटवाया और अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त किया। निगम ने करीब 30 से अधिक दुकानदारों से अतिक्रमण हटवाया।*

**निगमायुक्त ने कहा सड़कों, फुटपाथों या सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा न करें**





हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

शहर को सुंदर, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने मुख्य बाजारों और व्यस्त इलाकों में सड़कों व फुटपाथों पर किए गए कब्जों को हटवाया और अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त किया। इस दौरान निगम ने करीब 30 से अधिक दुकानदारों से अतिक्रमण हटवाया, जबकि कई ने स्वयं भी कब्जा हटाने की पहल की। नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई भू-अधिकारी संदीप बतरा की देखरेख में की। टीम ने डी-पार्क, मेडिकल मोड़, पावर हाउस, सुभाष रोड, गोहाना अड्डा, और गांधी कैंप मार्किट सहित कई भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त करते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को अंजाम दिया। निगम कर्मचारियों ने सड़कों के किनारे लगाए गए काउंटर, मेज, फलैक्स बोर्ड, टीन शेड, और फुटपाथों पर रखा गया अन्य सामान ट्रक में भरकर जब्त किया। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने के लिए नहीं, बल्कि शहर के आम नागरिकों की सुविधा के लिए की जा रही है।



### जनसहयोग से ही संभव होगा स्वच्छ और सुगम रोहतक

आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का यह अभियान तभी सफल होगा जब नागरिक, व्यापारी और स्थानीय प्रतिनिधि इसमें मिल-जुलकर सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य किसी के खिलाफ दंडात्मक रवैया अपनाना नहीं, बल्कि सभी के सहयोग से एक स्वच्छ, सुगम और आधुनिक रोहतक शहर का निर्माण करना है। शहर हम सबका है, इसलिए इसे सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम का अभियान तभी प्रभावी होगा जब सभी नागरिक इसमें अपनी भूमिका निभाएंगे।

### लोगों की सुविधा प्राथमिकता

निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम प्रशासन का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाना है ताकि नागरिकों को बिना किसी असुविधा के आवागमन की सुविधा मिल सके। कई महीनों से बार-बार दुकानदारों और नागरिकों को चेताया जा रहा था कि वे सड़कों, फुटपाथों या सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा न करें। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि निगम किसी भी व्यक्ति या समूह के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह कार्रवाई शहर को व्यवस्थित करने और सार्वजनिक स्थानों को जनता के लिए मुक्त कराने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और निगम के अभियान में सहयोग करें।

### गांधी कैंप के व्यापारियों ने दिखाया सहयोग

अभियान के दौरान गांधी कैम्प मार्किट के दुकानदारों ने सराहनीय सहयोग का उदाहरण पेश किया। वार्ड सदस्य अनिता मिगलानी की मौजूदगी में कई व्यापारी स्वयं नगर निगम कार्यालय पहुंचे और आयुक्त को भरोसा दिलाया कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करेंगे। व्यापारियों ने कहा कि शहर की व्यवस्था और सुंदरता बनाए रखने में वे निगम का पूरा सहयोग देंगे। डॉ. शर्मा ने व्यापारियों की इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे सहयोगात्मक रवैये से ही शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाया जा सकता है।

### व्यापारियों ने मांगा समय निगम ने दिखाया लचीलापन

अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों ने निगम अधिकारियों से अनुरोध किया कि उन्हें अपने द्वारा लगाए गए शेड और अन्य सामान हटाने के लिए कुछ समय दिया जाए ताकि वे स्वयं अपने स्तर पर अतिक्रमण हटा सकें। दुकानदारों ने कहा कि वे एक सप्ताह के भीतर स्वयं अपने-अपने स्थानों को खाली कर देंगे और भविष्य में नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने निगम को भरोसा दिलाया कि यदि कोई दुकानदार दोबारा नियमों का उल्लंघन करेगा, तो वे स्वयं उसका फोटो और जानकारी निगम को भेजेंगे ताकि उसके खिलाफ चालान या कानूनी कार्रवाई की जा सके। निगम आयुक्त ने व्यापारियों की इस मांग को सहमति के साथ स्वीकार करते हुए कहा किनिगम का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं बल्कि सहयोग के माध्यम से शहर को व्यवस्थित करना है।

**अतिक्रमण को लेकर नपा प्रशासन हुआ सख्त**

# दुकानदारों का सामान सड़क पर मिला तो होगा जब्त



**महम।** नगर पालिका कार्यालय में शहर के पार्षदों के साथ बैठक करती नपा प्रधान भारती पंवार।

*नपा प्रधान ने बुलाई एमरजेंसी मीटिंग, दुकानदारों को छूट देने के मूड में नहीं, जनहित में फैसले लेने होंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏩ महम

शहर की गलियों से अतिक्रमण हटाने को लेकर महम नगर पालिका प्रशासन के साथ साथ शहर के पार्षद भी काफी गंभीर दिखाई दे रहे हैं। पिछले कई दिन से महम के बाजारों से नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पालिका कर्मचारियों ने सड़कों पर रखा सामान उठाकर अपने कब्जे में लिया हुआ है।

इस सामान को वापस लेने के लिए दुकानदार पार्षदों के संपर्क में हैं। बार बार गुहार लगाई जा रही है कि इस बार छोड़ दें, आगे से वे सामान दुकान पर नहीं रखेंगे। इस बात को लेकर नगर पालिका पार्षदों के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई। मामला बढ़ता देख नगर पालिका प्रधान भारती पंवार ने अपने कार्यालय में आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में नगर पालिका सचिवन नवीन नांदल भी शामिल हुए। नगर पालिका प्रधान भारती पंवार व मौके पर मौजूद पार्षदों ने कहा कि वे शहर से अतिक्रमण हटाने के पक्ष में हैं। शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाना चाहिए। शहर की सड़कों और यहां के बाजारों से लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों को हर बार ही चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है। अंत में यह निर्णय लिया गया कि अब नगर पालिका द्वारा दुकानदारों का जो सामान कब्जे में लिया गया है, उसे जुर्माना लगाकर वापस दे दिया जाए।

### 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा

संबंधित दुकानदार नगर पालिका में 500 रुपए जुर्माना भरके अपना सामान ले जा सकते हैं। नगर पालिका की इस मीटिंग में यह भी फैसला किया गया कि दुकानदारों के लिए यह आखरी मौका है। अगली बार यदि नगर पालिका कर्मचारियों को यदि किसी दुकानदार व अन्य व्यक्ति का सामान सड़क रखा हुआ मिला तो उसे कब्जे में ले लिया जाएगा और बाद में उसको नगर पालिका द्वारा जब्त कर लिया जाएगा।

## एमडीयू में माइक्रोबियल डिजीज विषय पर क्विज प्रतियोगिता



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा माइक्रोबियल डिजीज विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विभाग के सेमिनार हॉल में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, ज्ञानवर्धन और अकादमिक रुचि को प्रोत्साहित करना था। विभाग अध्यक्ष डॉ पूजा सुनेजा ने बताया कि कुल पांच टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में पांच राउंड आयोजित किए गए, जिनमें रैपिड-फायर और विजुअल राउंड विशेष आकर्षण रहे। इन राउंड्स ने छात्रों की विषय के प्रति रुचि और जिज्ञासा को और प्रबल किया। क्विज का संचालन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार कपूर ने क्विज मास्टर के रूप में किया।

**झज्जर से बहन की बेटी के पास पीजी में ठहरी थी**

# देव कॉलोनी में युवती ने पीजी की पांचवीं मंजिल से कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

**दो दिन से किसी बात को लेकर परेशान थी**

देव कॉलोनी में सोमवार तड़के एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां झज्जर की रहने वाली 27 वर्षीय विवाहित युवती ने पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पीजीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान आशा पत्नी मनीत निवासी झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आशा पिछले दो दिन से अपनी बहन की बेटी के साथ देव कॉलोनी स्थित एक पीजी में रह रही थी। परिजनों ने बताया कि आशा पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से काफी परेशान थी। रविवार देर रात तक वह कमरे में सामान्य थी, लेकिन सुबह करीब 3 बजे उसने अचानक पीजी की पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। गिरने की आवाज सुनकर निशा की नींद खुल गई। जब उसने बाहर झांका तो अपनी मौसी को नीचे खून से लथपथ हालत में देखा। उसने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीजीआई थाना प्रभारी रोशन लाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई के डेड हाउस भेजा गया। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। एसएचओ रोशन लाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस उनके बयान दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर रही है। फिलहाल यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवती किन कारणों से तनाव में थी।

## डीएपी की नई खेप से बढ़ी किसानों की उम्मीदें अब बुवाई की रफ्तार पकड़ेगी गति

**अब तक कुल 41 हजार मीट्रिक टन डीएपी कृषि विभाग के पास पहुंच चुकी**



**रोहतक।** जिले में किसानों को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राहत मिली है। कृषि विभाग को डीएपी का एक और बड़ा रैक प्राप्त हुआ है, जिससे खेतों में बुवाई की रफ्तार तेज होने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार हाल ही में 17 हजार मीट्रिक टन डीएपी का रैक रोहतक पहुंचा है। इससे पहले 24 हजार मीट्रिक टन डीएपी की खेप आई थी। इस तरह अब तक कुल 41 हजार मीट्रिक टन डीएपी कृषि विभाग के पास पहुंच चुकी है। पिछले कुछ हफ्तों से जिले के कई इलाकों में डीएपी की कमी से किसान परेशान थे। समितियों पर लंबी कतारें लग रही थीं और कई बार किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। खाद की कमी के कारण गेहूं की बुवाई में देरी का खतरा मंडरा रहा था। अब नए रैक के आने से किसानों में उत्साह का माहौल है। कृषि विभाग ने बताया कि नई खेप मिलते ही डीएपी का वितरण तेजी से शुरू कर दिया गया है। सभी सहकारी समितियों और बिक्री केंद्रों को पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी किसान को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**गजल संध्या** | शहजादा ए गजल जैज़िम शर्मा की प्रस्तुतियों ने सभीको झूमने पर मजबूर कर दिया

# डीएलसी सुपवा गजलों की महफिल से सराबोर, जमकर तालियां व वाहवाही बटोरीं

*जगजीत सिंह, गुलाम अली, मेंहदी हसन और शायर वसीम बरेलवी की गजलों को भी आवाज दी*

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) में सोमवार को गजल संध्या आयोजित करते हुए हरियाणा दिवस मनाया गया। इस दौरान शहजादा ए गजल जैज़िम शर्मा ने गजलों की महफिल सजाई, जिसमें उनकी प्रस्तुतियों ने जमकर तालियां व वाहवाही बटोरीं। ऑडिटिरियम में आयोजित गजल संध्या के दौरान सुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने जैज़िम शर्मा व उनकी टीम का स्वागत किया।

कुलपति डॉ अमित आर्य ने कहा कि अपने प्रदेश के गौरवमयी इतिहास को याद करने व भविष्य में प्रदेश को और आगे ले जाने का प्रण हर हरियाणवी को इस जन्मदिन के दिन लेना चाहिए। ध्यान रहे, इस बार हरियाणा सरकार ने 1 से 3 नवंबर तक हरियाणा दिवस मनाने की घोषणा की थी, जिसके तहत सुपवा में सोमवार को शहजादा ए गजल जैज़िम शर्मा को आमंत्रित करते हुए गजलों की महफिल सजाई गई। गजलों की इस सुनहरी शाम को जैज़िम शर्मा ने अपनी स्वरचित गजलों के अलावा प्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह, गुलाम अली, मेहदी हसन और शायर वसीम बरेलवी की गजलों को भी अपनी आवाज दी। जैजिम ने मेहदी हसन की प्रसिद्ध गजल रफ्ता रफ्ता वो मेरी, रंजिश ही सही, गुलाम अली की प्रसिद्ध गजल चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है, हंगामा है क्यों बरपा, हमको किसी के गम ने मारा', जगजीत सिंह की 'तुम जो इतना मुस्करा रहे हो', 'होठों से छू लो तुम', 'तुम को देखा', 'जब दीप जले आना', 'चंदन सा बदन', 'एहसान तेरा होगा' आदि से महफिल सजाई। जैज़िम शर्मा ने फरहत शहजाद द्वारा लिखित 'मोहब्बत हो गई है', निंदा फाजली लिखित 'कहीं चाहत थी' पर खूब तालियां बटोरीं। उन्होंने अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म के गाने 'शहर तेरे' पर भी प्रस्तुति दी, जिसे गुलजार ने लिखा है। जैज़िम शर्मा ने 'रूह ले गया', 'चौदहवीं की रात', 'सुन याद हमारे सजन', 'फिर से आया दिल' आदि भी प्रस्तुत की। उन्होंने बाबा बुल्लेशाह व अमीर खुसरो को भी याद किया। हरेक गजल, बॉलीवुड गानों व सूफियाना रंग का सुपवा में उपस्थित अतिथियों, स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने खूब लुत्फ उठाया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में शहजादा ए गजल जैज़िम शर्मा को स्मृति चिन्ह देते कुलपति डॉ अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक व अन्य स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### गूंजता रहा जय हरियाणा, जय सुपवा

गजल संध्या के दौरान हर प्रस्तुति पर मिल रही हौंसला अफजाई के चलते जैज़िम शर्मा बीच-बीच में मौजूद श्रोताओं से जय हरियाणा, जय सुपवा के नारे लगवाते रहे। श्रोता और गजल प्रस्तुत करने की लगातार फरमाइश करते तो हर नई फरमाइश से पहले जय हरियाणा, जय सुपवा भी गुंजायमान होता रहा। लगातार मिली तालियों व सराहना से अभिभूत हो जैज़िम शर्मा ने कहा कि सुपवा रोहतक की ओर से आयोजित गजल संध्या में मिले श्रोता उन्हें सदैव याद रहेंगे, क्योंकि जो बेहिसाब प्यार यहां आकर मिला, उसे कभी भूला ही नहीं जा सकता।

**10 से 15 दिसंबर तक आयोजित होगी सेना भर्ती रैली**

# अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर विभाग आपसी तालमेल से करें कार्यः डीसी

*अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए संबंधित विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियां*

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी 10 से 15 दिसंबर 2025 तक रोहतक में आयोजित होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली के दौरान तालमेल से कार्य करें। इस भर्ती रैली के लिए संबंधित विभागों को सौपी गई जिम्मेवारियों को समय पर पूर्ण करवाया जाए। उन्होंने सेना भर्ती रैली के दृष्टिगत तालमेल कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए। इस सेना भर्ती रैली में रोहतक, झज्जर, सोनीपत व पानीपत जिलों के उम्मीदवार भाग लेंगे सकेंगे। सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में सेना भर्ती रैली की तैयारियों के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भर्ती रैली राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित की जाएगी और भर्ती रैली को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा। सेना भर्ती रैली के संबंध में विभागों को सौंपी गई जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाया जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती रैली में आने वाले उम्मीदवारों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और भर्ती रैली के दौरान संबंधित विभागों द्वारा किए जाने वाले प्रबंधों बारे बताया।





**रोहतक।** सेना भर्ती रैली की तैयारियों के संदर्भ में आयोजित बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### भर्ती को लेकर पांच सदस्यीय कमेटी गठित

भर्ती रैली के समुचित प्रबंधन को लेकर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने महम के एसडीएम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में मंडल आयुक्त के ओएसडी, सेना भर्ती अधिकारी, सचिव जिला सैनिक बोर्ड व उपायुक्त कार्यालय के लेखाधिकारी को शामिल किया गया है। यह कमेटी भर्ती के सुचारू संचालन के लिए सभी विभागों से तालमेल करेगी। इसके अलावा भर्ती को लेकर प्रबंधन व्यवस्था करेगी।

रोहतक, मंगलवार
4 नवंबर 2025
हरिभूमि सहेली



# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

**किसी क्षेत्र** विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं। a

---



घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
**शीला श्रीवास्तव**

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-

**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकतीं हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।

### अपना टाइम टेबल बनाएं



मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाव देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा। a

---

स्पेशल : इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, 7 नवंबर

शिशु देखभाल की समझ बढ़ाने, बाल मृत्यु दर में कमी लाने और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी सर्विसेज के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर साल 7 नवंबर को इंफेंट प्रोटेक्शन-डे मनाया जाता है। न्यू बॉर्न बेबी की देख-भाल के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# न्यू बॉर्न बेबी सजगता से हो देख-भाल

लालन-पालन
**चैतन्या**

बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिनों तक न केवल न्यू बॉर्न बेबी की विशेष देखभाल की जरूरत होती है बल्कि बहुत सी छोटी-छोटी बातों को लेकर सजगता बरतना भी जरूरी है। हमारे यहां नवजात यानी न्यू बॉर्न बेबीज की सुरक्षा के मामले में आज भी अवेयरनेस की कमी देखी जाती है। असल में नवजात बच्चों की मेडिकल केयर के साथ ही, अपनों की स्नेह भरी देख-भाल, स्वच्छता, स्तनपान और वैक्सीनेशन जैसी बातों को लेकर जागरुकता होनी जरूरी है।



**किसे कहते हैं न्यू बॉर्न बेबी:** आम बोलचाल की भाषा में कुछ घंटों, दिनों या एक महीने तक के बच्चे को न्यू बॉर्न बेबी यानी नवजात शिशु कहते हैं। वैसे जन्म से लेकर एक साल की उम्र नवजात अवस्था के तौर पर बच्चे की देखभाल के लिए अहम होती है। घर के बड़ों के लिए बच्चे के दुनिया में दस्तक देने के बाद का यह समय बहुत सजग रहने का होता है। इंफेंट केयर में जरा सी चूक शिशुओं को आगे के लिए भी कई परेशानियों का शिकार बना सकती है। खासकर पैरेंट्स को न्यू बॉर्न बेबी की सुरक्षा और विकास के बारे में अवेयर रहना चाहिए। ब्रेस्ट फीडिंग से लेकर वैक्सीनेशन और किसी तरह की जन्मजात तकलीफ का इलाज करवाने तक, ये शुरुआती दिन बेहद अहम होते हैं। इतना ही नहीं मौसमी बीमारियों और दूसरे इंफेक्शन से बचाने के लिए साफ-सफई का भी ध्यान रखना होता है। असल में ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के चलते हमारे देश में आज भी इंफेंट मोरटैलिटी के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इंफेंट प्रोटेक्शन-डे हर मामले में शिशुओं की बेहतर ढंग से केयर करने से जुड़ी सतर्कता लाने का संदेश देने वाला दिन है।

**स्तनपान और स्वच्छता:** मां के दूध को तो नवजात का पहला टीका कहा जाता है। शिशु के स्वास्थ्य के लिए अमृत माना जाता है। ऐसे में जन्म के बाद बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाना बहुत जरूरी है। इसके लिए माताओं में भी सजगता होना जरूरी है। साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग शुरू करने में देरी हो जाए तो नवजात शिशु भी मां का दूध पीने में सहज नहीं रहता। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही समय पर बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू कर दिया जाए तो यह न्यू बॉर्न बेबी की सेहत के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है।


**संक्रमित होने से बचाएं:** इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए भी चेताता है। जन्म के बाद के शुरुआती दिनों में नवजात बच्चों को कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इनकी एक बड़ी वजह स्वच्छता न रखना भी है। हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं का जीवन डिलिवरी के दौरान या जन्म के बाद पहले चौबीस घंटों के भीतर छिन जाता है। इंफेंट मोरटैलिटी के कई कारण हैं। इन जानलेवा वजहों में जन्म के बाद संक्रमित होना भी शामिल है।

**वैक्सीनेशन और पोषण:** बच्चे के जन्म के बाद टीके लगवाने में तो कोई देरी नहीं होनी चाहिए। शिशु को नियमित डॉक्टर को दिखाने, उसके



वजन का ध्यान रखने और चिकित्सक की सलाह के मुताबिक समय-समय पर लगने वाले वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया फॉलो करना जरूरी है। साथ ही सही पोषण का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। हमें अपने नवजात बच्चे की सुरक्षा को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत होती है। a

---



मेकअप
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्स्ट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्सट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें। a

---

मेडिकल सजेशन
**डॉ. भारती कालरा**
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन

पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।

**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।



**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों। a

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप



रोहतक। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आरती साहू।

### सर्वाइकल कैंसर पर हुआ विस्तार से व्याख्यान

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आरती साहू ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस गंभीर बीमारी के लक्षण, कारण, बचाव के उपाय एवं उपचार की जानकारी दी। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा राज अरोड़ा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सुषमा बत्ता, नीलम सचदेवा, सोनिया अरोड़ा, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. अंजू शर्मा उपस्थित रहीं।



### डॉ. दीपक को मिला बेस्ट काउंसलर अवार्ड

**रोहतक।** महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप में शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय, सांपला के यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. दीपक लठवाल को बेस्ट काउंसलर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस राज्य स्तरीय कैंप में डॉ. दीपक लठवाल के नेतृत्व में महाविद्यालय के चार स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कैंप के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), आपातकालीन स्थितियों में एंबुलेंस सहायता बुलाने की प्रक्रिया और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सभी स्वयंसेवकों ने इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई और प्रशिक्षण की बारीकियों को गहराई से समझा।




### सत जींदा कल्याणा कॉलेज में भव्य समारोह

**रोहतक।** सत जींदा कल्याणा कॉलेज में सोमवार को हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ को पौधा भेंट कर स्वागत से हुई। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. रितुलाल, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. मानसा राय और डॉ. उमेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने सभी को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा ने 60 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह वह धरती है जहां "हरि का आना" हुआ, इसलिए इसका नाम हरियाणा पड़ा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश निरंतर विकास कर रहा है, उसी प्रकार युवाओं को भी आगे बढ़कर समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

### महर्षि दयानंद विवि में राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

# शोध, इंटर्नशिप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उच्च शिक्षा सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

- ***एनईपी भारतीय उच्च शिक्षा को नई दिशा प्रदान करती है***
- ***वैश्विक प्रतिस्पर्धा आज उच्च शिक्षा के सामने बड़ी चुनौती***

उच्च शिक्षा संस्थानों का सशक्तिकरण तभी संभव है जब शोध, नवाचार, इंटर्नशिप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। समापन सत्र में एसोसिएट डीन प्रो. सुमित गिल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन, विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवसरों का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमडीयू में 'एंपावरिंग हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस थ्रू रिसर्च, इंटर्नशिप्स एंड इंटरनेशनलाइजेशन' विषय पर आज एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की कॉलेज ब्रांच द्वारा इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) और सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक अफेयर्स के सहयोग से एफडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों का सशक्तिकरण तभी संभव है जब शोध, नवाचार, इंटर्नशिप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) भारतीय उच्च शिक्षा को नई दिशा प्रदान करती है, जिसमें वैश्विक दृष्टिकोण और स्थानीय प्रासंगिकता का संतुलित समन्वय है। अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संस्था यारी इंटरनेशनल के अध्यक्ष एवं संस्थापक डॉ. जसबीर लोहान ने अपने की-नोट संबोधन में कहा कि वैश्विक शिक्षा प्रणाली आज सहयोग और साझेदारी के दौर से गुजर रही है।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में दीप जलाकर शुभारंभ करते अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संस्था यारी इंटरनेशनल के अध्यक्ष एवं संस्थापक डॉ. जसबीर लोहान, डॉ. कुलदीप डागर, संयुक्त सचिव व अन्य।

#### शिक्षा पर जोर

- आयोजन में शोध, नवाचार, इंटर्नशिप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने पर दिया गया जोर

#### युवा देश के लिए आवश्यक

डॉ. जसबीर लोहान ने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए यह आवश्यक है कि उसके विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़कर विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करें। डॉ. कुलदीप डागर, संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग), एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू), नई दिल्ली ने कहा कि एनईपी 2020 ने उच्च शिक्षा के परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग से शिक्षकों और छात्रों को नई शिक्षण पद्धतियों और अनुसंधान तकनीकों का अनुभव मिलता है। इस दौरान आउटरीच गतिविधियों और एनईपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार रखे।

#### शोध और इंटर्नशिप करियर विकास के आवश्यक तत्व

डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी. मलिक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा आज उच्च शिक्षा के सामने बड़ी चुनौती हैं, जिनका समाधान एनईपी 2020 प्रस्तुत करती है। डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. विनीता हुड्डा ने स्वागत भाषण में कहा कि शोध, इंटर्नशिप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग शिक्षा की गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों के कैरियर विकास के लिए आवश्यक तत्व हैं। अन्य वक्ताओं में प्रो. आशीष दहिया, प्रो. हरीश दुरेजा, प्रो. संतोष तिवारी, प्रो. अंजू धीमान, प्रो. मुनीष गर्ग, प्रो. राहुल ऋषि, प्रो. बी. नरसिम्हन, प्रो. गुलशन लाल तनेजा और प्रो. ए.के. राजन ने शोध संस्कृति, डिजिटलीकरण, इंटर्नशिप, आउटरीच गतिविधियों और एनईपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार रखे। सम्मेलन का सफल संचालन डॉ. राजेश कुंडू ने किया। समापन सत्र में एसोसिएट डीन (सीडीसी) प्रो. सुमित गिल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में साझा किए गए विचार उच्च शिक्षा संस्थानों के सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरक सिद्ध होंगे। सम्मेलन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों के लगभग 75 प्राचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मनाया हैलोवीन उत्सव

- बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह से गूंजा विद्यालय परिसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में हैलोवीन उत्सव बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे विद्यार्थियों ने अद्भुत और डरावनी वेशभूषाओं में सजकर पूरे स्कूल को एक रोमांचक "भूतिया नगरी" का रूप दे दिया। कार्यक्रम की शुरुआत हैलोवीन परेड से हुई, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मक पोशाकों का प्रदर्शन किया। इसके बाद बच्चों ने फेस पेंटिंग, मजेदार खेलों और भूतिया कहानियों की प्रस्तुति जैसी गतिविधियों में भाग लिया। स्कूल परिसर को विशेष रूप से मकड़ी के जाल, डरावने चित्रों, अंधेरे कमरों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था, जिससे पूरा माहौल रोमांचक और मनोरंजक बन गया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने बताया कि हैलोवीन जैसे आयोजन न केवल बच्चों के मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि यह उन्हें विश्व की विविध संस्कृतियों और परंपराओं से परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव छात्रों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

#### छात्रों को किया प्रेरित

डॉ. मलिक ने सभी विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे हर त्योहार को एकता, प्रेम और सहयोग की भावना से मनाएं। उन्होंने बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के रचनात्मक आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय निदेशक सुरेंद्र मलिक, उपप्रधानाचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका और साक्षी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# आईबी स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जैसलमेर के लिए रवाना

- चार दिवसीय यात्रा में जानेंगे राजस्थान की संस्कृति और मरुस्थलीय जीवन शैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



आईबी स्कूल के विद्यार्थियों का एक समूह चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए सोमवार को जैसलमेर रवाना हुआ। इस भ्रमण में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार दिनों तक चलने वाले इस शैक्षणिक दौरे के दौरान विद्यार्थी जैसलमेर के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों सोनार किला, पटवों की हवेली, गड़ीसर झील, सैम के रेतीले टीले और कुलधरा गांव का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वे राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य कला तथा मरुस्थलीय जीवन शैली को निकट से समझने का अवसर प्राप्त करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुभव विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ और जीवन कौशल भी प्रदान करते हैं।

# चारा एकत्र करने के लिए ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ

- गो ग्रास सेवा समिति व महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर को स्मृति चिन्ह देते गौ ग्रास सेवा समिति व जीवन राम बसेसर लाल पब्लिक स्कूल के सदस्य।

जनता कॉलोनी स्थित जीवन राम बसेसर लाल पब्लिक स्कूल में गौ ग्रास सेवा समिति व महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में घरों से चारा (गौ-ग्रास) एकत्रित करने के लिए ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर ने शिरकत की, जबकि समाजसेवी समृद्धि जैन अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेंद्र जैन ने की। इस अवसर पर विजय मित्तल, डॉ. राखी मल्होत्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा सर्वप्रथम गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य अतिथि हिमांशु ग्रोवर ने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। हमारे धर्मग्रंथों में गाय को भगवान का दर्जा दिया गया है। समृद्धि जैन ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने घर की पहली रोटी गाय के लिए निकालनी चाहिए, क्योंकि यह सीधा-सीधा भगवान को भोग लगता है और हमारे जीवन को सार्थक बनाता है।

#### बेजुबानों का पेट भरने की मुहिम

कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने बताया कि ई-रिक्शा के माध्यम से समिति घर-घर से रोटी और चारा एकत्र कर बेजुबान जानवरों का पेट भरने में सहयोग करेगी। यह पहल समाज में सेवा और करुणा की भावना को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा मीरा बंसल, सचिव आशा जैन, कोषाध्यक्ष अमित महमिया, सरिता जैन, पूनम गुप्ता, पिंकी गर्ग, अंजना गुप्ता, महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, सतीश गोयल, मुकेश गुप्ता, देशराज बंसल, शंकरलाल गर्ग, कृष्ण मित्तल, अशोक गुप्ता, विजय गोयल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।




#### राष्ट्रीय एकता शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर की तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आज राधाकृष्णन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने की। बैठक में शिविर के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारी, शिक्षक एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्य थे- प्रो. दिव्या मल्हन (निदेशक, सी.सी.पी.सी.), डॉ. अंजु पंवार, डॉ. अभिमन्यु मलिक, प्रो. सोनू देहमिवाल (डिप्टी डीन छात्र कल्याण एवं संयोजक), प्रो. करमवीर श्योकंद, प्रो. दीपक कौशिक (निदेशक, उद्यान विभाग), डॉ. नवीन, डॉ. गुरुदयाल, डॉ. रितु गिल (निदेशक, जैव प्रौद्योगिकी केंद्र), डॉ. शैरी, डॉ. एकता नरवाल, डॉ. मनीषा, संदीप (एनएसएस कर्मचारी) तथा एनएसएस के स्वयंसेवकगण।

# एसबीआई ने शिवानंद धर्मार्थ औषधालय को दान की डिजिटल एक्सरे मशीन

- बैंक के रीजनल मैनेजर ने फीटा काटकर मशीन का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा की ओर से खेड़ी महम गांव स्थित शिवानंद धर्मार्थ औषधालय को डिजिटल एक्सरे मशीन दान की है। सोमवार को बैंक के रीजनल मैनेजर रामा शंकर ने अस्पताल को यह मशीन भेंट की और रीबन काटकर मशीन का शुभारंभ किया। बैंक ने शिवानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय में



महम। रीबन काटकर एक्सरे मशीन का शुभारंभ करते एसबीआई के रीजनल मैनेजर रामा शंकर।

मरीजों की जरूरत को देखते हुए यह मशीन भेंट की है। इस मशीन पर बैंक ने 5 लाख 70 हजार रुपए खर्च किए हैं। बैंक के रीजनल मैनेजर रामा शंकर ने बताया कि खेड़ी महम गांव स्थित शिवानंद धर्मार्थ चिकित्सालय में प्रति दिन 300 से अधिक मरीज अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने आते हैं। रोजाना दर्जनों लोगों को डिजिटल एक्स रे के लिए बाहर महंगे रेट में एक्स रे करवाकर लाने पर मजबूर होना पड़ता था। जब उन्हें इस चिकित्सालय के बारे में सुना तो उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों से बात की। धर्मार्थ चिकित्सालय को देखते हुए एक्स रे मशीन दान में दी गई है ताकि गरीब व जरूरत मंद लोगों का भला हो सके। एसबीआई शिवानंद धर्मार्थ अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा ने कहा कि एसबीआई द्वारा दी गई मशीन से यहां आने वाले हजारों मरीजों का भला होगा।



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में भगवान शालिग्राम और माता तुलसी विवाह के उपलक्ष्य में मंदिर से भगवान शालिग्राम की बारात निकालते साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजन। *फोटो : हरिभूमि*

#### गाजे-बाजे संग निकली भगवान शालिग्राम की बारात

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में सोमवार को तुलसी माता और भगवान शालिग्राम कर विवाह उत्सव हिंदु रीतिरिवाज की तर्ज पर धूमधाम और हर्षोल्लास से कराया गया। वृंदावन से आई है बारात आज मेरी तुलसा की ग्वाले भी आए संग सुदामा को लाए शालिग्राम भी आए है, तुलसी की बारात आई है श्री राधे राधे बोलो, तुलसी हमारी दुल्हन बनी है दूल्हा बने शालिग्राम बोलो राधे राधे, रथ पर बैठे हैं शालिग्राम बोलो राधे राधे भजनों पर बारात में नाचते झूमते दिखाई दिए। कार्यक्रम में साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन हुए और पंडित अशोक शर्मा ने प्रसाद बांटा। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। कार्यक्रम में सोमवार को माता तुलसी-भगवान शालिग्राम विवाह कराने के लिए परमश्रद्धेया साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों संग मंदिर से भगवान शालिग्राम (लड़का पक्ष की ओर से) की बारात गाजे-बाजे, नाचते-गाते व आतिशबाजी और महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए निकाली।

# अभय चौटाला का प्रशासन को अल्टीमेटम, बोले खुद ज्ञापन लेने आएं डीसी, हम किसी बात को भूलते नहीं

- चेतावनी के पांच मिनट बाद पहुंचे डीसी सचिन गुप्ता, किसानों की समस्याओं को लेकर हुआ बड़ा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी ने किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव और विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला ने किया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन को सख्त चेतावनी दी कि उपायुक्त (डीसी) स्वयं आकर किसानों का ज्ञापन लें, अन्यथा इसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे। अभय चौटाला ने सभा को संबोधित करते हुए डीसी सचिन गुप्ता को आधे घंटे का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन चेतावनी के पांच मिनट के भीतर ही डीसी सचिन गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंच गए और इनेलो प्रतिनिधियों से ज्ञापन प्राप्त किया।



#### किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन उग्र

भारी बारिश के बाद खेतों में पानी भरे रहने से फसल बर्बाद हो चुकी है और अगली बुआई तक नहीं हो पा रही। इस समस्या को लेकर सोमवार को इनेलो कार्यकर्ता मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में लघु सचिवालय पहुंचे। वहां उन्होंने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों की परेशानी का समाधान करने की मांग की। अभय चौटाला ने कहा कि किसानों के खेतों में महीनों से बरसाती पानी भरा हुआ है, लेकिन प्रशासन और सरकार ने इसकी निकासी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र करें निपटारा

# एडीसी ने अफसरों के साथ की शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें। उन्होंने समाधान शिविरों की लंबित एवं रि-ओपन हुई शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इन शिकायतों का जल्द समाधान सुनिश्चित करने को कहा। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एक छत के नीचे नागरिकों की सभी विभागों से संबंधित शिकायतों के तुरंत निदान के उद्देश्य से हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। प्रदेश सरकार द्वारा इन समाधान शिविरों में शिकायतों के निपटारे की लगातार वर्चुअली निगरानी की जा रही है।




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

#### अफसरों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविरों की लंबित व रि-ओपन हुई शिकायतों की संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों एवं रि-ओपन हुई शिकायतों का जल्द निपटारा करें। उन्होंने रि-ओपन हुई शिकायतों के निपटारे के संदर्भ में कहा कि संबंधित विभाग द्वारा उचित टिप्पणी की जाये ताकि रि-ओपन हुई शिकायतें बंद हो सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन समाधान शिविर की शिकायतों के निपटारे के लिए अपने कार्यालय में कार्य करें। इस अवसर पर डीएमसी जितेंद्र सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक व भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश बिढ्ढू मौजूद रहे।

# नागरिकों के लिए शहर में यातायात को किया जाएगा सुगम व सुरक्षित

## डीसी ने की बैठकः नगर को सुगम व सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर होगा स्थापित




रोहतक। लघु सचिवालय के सभागार में आईसीसीसी की स्थापना के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर को सक्षम, सुविधाजनक और प्रशासनिक नजरिये से कुशल बनाने के लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) की स्थापना की जाएगी। आईसीसीसी की स्थापना के लिए नगर निगम द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी। शहर में नागरिकों के सुरक्षित एवं सुविधाजनक यातायात सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभाग एक-एक जंक्शन को विकसित करें तथा शहर में संभावित पार्किंग स्थलों की पहचान की जाए। उपायुक्त सचिन गुप्ता सोमवार लघु सचिवालय के सभागार में आईसीसीसी की स्थापना के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस संबंध में डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने वाले संबंधित विभागों से फीडबैक देने के निर्देश दिए ताकि प्रोजेक्ट में संबंधित विभागों की सभी जरूरतों को शामिल किया जा सके। आईसीसीसी के माध्यम से रोहतक नगर को प्रशासनिक निगरानी के लिहाज से संसाधन युक्त बनाया जाएगा। आईसीसीसी की स्थापना से शहर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट, नागरिक सुविधाओं, चिकित्सकीय संसाधनों और आपराधिक घटनाओं की निगरानी जैसे कई कार्य एक प्लेटफार्म पर आ जाएंगे, जो नगर की समस्याओं और चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकते हैं। आईसीसीसी अनेक नगरीय सेवाओं को एक जगह पर ला देता है। उन्होंने कहा कि आईसीसीसी ट्रैफिक मैनेजमेंट और इन्फोर्समेंट में उपयोगी साबित होगा। आईसीसीसी की स्थापना के बाद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के ई-चालान करने में भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उद्देश्य यही है कि सडक़ों पर मनमानी और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न हो। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि आईसीसीसी की स्थापना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नगर में हो रहे कामों की एक केंद्रीय जगह से निगरानी की जा सके।

*आईसीसीसी की स्थापना से शहर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट, नागरिक सुविधाओं, चिकित्सकीय संसाधनों और आपराधिक घटनाओं की निगरानी जैसे कई कार्य एक प्लेटफार्म पर आ जाएंगे, जो नगर की समस्याओं और चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकते हैं। आईसीसीसी अनेक नगरीय सेवाओं को एक जगह पर ला देता है।*

### सडक़ सुरक्षा के तहत शहर के एक-एक जंक्शन को विकसित

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सडक़ सुरक्षा के तहत शहर के एक-एक जंक्शन को विकसित करें। नगर निगम स्थानीय डी-पार्क जंक्शन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण स्थानीय नया बस स्टैंड जंक्शन तथा लोक निर्माण विभाग स्थानीय सोनीपत रोड़ अथवा छोटूराम चौक को विकसित करने के लिए संबंधित स्ट्रेच पर प्रोजेक्ट तैयार करें। सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक में स्थानीय डी-पार्क, भिवानी स्टैंड तथा छोटूराम चौक पर सुगम व सुरक्षित यातायात के बारे में भी चर्चा की गई है।

### पार्किंग की पहचान के भी निर्देश

शहर में यातायात सुचारू रखने के दृष्टिगत संभावित पार्किंग स्थलों की पहचान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में एक संस्था द्वारा शहर में 13 किलोमीटर सडक़ों को नागरिकों व बच्चों के अनुकूल व यातायात को सुचारू बनाये रखने के बारे में विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। बैठक में इस प्रोजेक्ट पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बैठक में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी और एक-एक बिंदु पर चर्चा करके संबंधित विभागों को दिशा निर्देश भी जारी किए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के एसडीएम उत्सव आनंद, एएसपी प्रतीक अग्रावल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर निगम की टीम सक्रिय, बड़ी कार्रवाई

# गांधी कैम्प क्षेत्र में डेयरी सील कर छह पशु कब्जे में लिए

**गंदगी फैलाने, गोबर बहाने और सीवर ओवरफ्लो की शिकायतों के बाद कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के अभियान के तहत नगर निगम ने गांधी कैम्प क्षेत्र में सख्त कदम उठाते हुए एक अवैध डेयरी को सील कर दिया। निगम की टीम ने मौके से छोटे-बड़े छह पशुओं को कब्जे में लेकर उन्हें निगम के पशु आश्रय स्थल में भिजवाया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब डेयरी संचालक को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद उसने डेयरी स्थानांतरित नहीं की। क्षेत्रवासियों की शिकायत थी कि उक्त डेयरी से लगातार गंदगी, दुर्गंध और गोबर के बहाव से सीवर जाम व ओवरफ्लो की स्थिति बन रही थी।

वार्ड के निरीक्षण के दौरान भी नागरिकों ने इस समस्या की शिकायत नगर निगम अधिकारियों से की थी। निगम अधिकारियों के अनुसार डेयरी संचालक को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होने के लिए पहले से ही प्लॉट आवंटित किया गया है, लेकिन बार-बार चेतावनी के बावजूद उसने अपनी डेयरी नहीं हटाई। इसके चलते निगम ने सोमवार को टीम गठित कर मौके पर जाकर डेयरी को सील करने की कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कदम किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि जनहित और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। डेयरियों से निकलने वाले अपशिष्ट जल और गोबर के कारण न केवल सीवर लाइनें जाम हो रही हैं, बल्कि आसपास के नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

▶▶ *यह कार्रवाई केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी ऐसी अवैध डेयरियों और अतिक्रमण के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जाएगा। निगम ने स्पष्ट किया है कि जो संचालक नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ जुर्माना और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।*



### आयुक्त बोले-तुरंत शिफ्ट करें डेयरियां, नहीं तो होगी सीलिंग

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि अब निगम अवैध डेयरियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएगा। उन्होंने कहा कि जिन डेयरी संचालकों को कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं, वे तुरंत अपनी डेयरियों को वहां स्थानांतरित करें। यदि कोई संचालक आदेशों की अवहेलना करता है, तो उसकी डेयरी को सील कर दिया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी वहीन की होगी। आयुक्त ने कहा कि निगम का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है, बल्कि शहर को स्वच्छ, प्रदूषणमुक्त और सुगम बनाना है। उन्होंने नागरिकों और डेयरी संचालकों से अपील की कि वे निगम की इस मुहिम में सहयोग करें।



रोहतक। पशुओं को कब्जे में लेते नगर निगम की टीम।

### डेयरी कॉम्प्लेक्स में सभी सुविधाएं उपलब्ध

नगर निगम की ओर से कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरी संचालकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां जल आपूर्ति, अपशिष्ट जल निकासी प्रणाली, पशुओं के लिए पर्याप्त स्थान, गलियां, चारा मंडी और बिजली व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा निगम ने कॉम्प्लेक्स में विकास कार्य भी तेज गति से चलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि संचालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे आसानी से अपनी डेयरियां वहां स्थानांतरित कर सकें।

# पठानिया प्रीमियर लीग रोप स्किपिंग सीजन-10 में पेटाइंस ने रचा इतिहास






### 300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया वर्ल्ड कैंपस में आयोजित पठानिया प्रीमियर लीग (रोप स्किपिंग) सीजन-10 में इस बार पेटाइंस ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 12 तक के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन मनदीप बधवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी, कोऑर्डिनेटर आलोक रानी, कनिता मग्गू, प्रभा शर्मा, रजनी गुलाटी और अन्नु सहरावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। मुख्य निर्णायक मंडल में दीपांशु, भीमसेन, ज्योति, स्नेहा, मनदीप बधवार, मोहन लाल, सुरेश पन्नू, इजहार, सुमित राणा व मोनिका राजपूत शामिल रहे।

### प्रमाणपत्र प्रदान दिए

कार्यक्रम के समापन पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर तथा मुख्य अध्यापिका सुमन राठी ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आगे भी इसी तरह खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं जयंती पर सेमिनार

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में कार्यवाहक प्राचार्य अनीता अमानी के कुशल मार्गदर्शन में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन, उपदेशों और शहादत से संबंधित प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. राकेश कुमार ने श्री गुरु तेग बहादुर के आध्यात्मिक ज्ञान, साहस, दृढ़ता और त्याग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में धर्म, मानवता और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अंजलि मान, डॉ. मनीषा, डॉ. पूनम और डॉ. नवीन सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### अथर्ववेद पारायण यज्ञ का आयोजन



**रोहतक।** स्थानीय आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित अथर्ववेद पारायण यज्ञ में गुजरात से पधारे स्वामी विवेकानंद परिव्राजक ने अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अविद्या ही पुनर्जन्म का कारण है और हमें सदैव अविद्या का नाश तथा विद्या की वृद्धि करनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने बताया कि सांख्य दर्शन के अनुसार राग और द्वेष का योग ही सृष्टि का मूल कारण है। जिस वस्तु से सुख प्राप्त होता है, उससे राग उत्पन्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि सृष्टि और प्रलय का चक्र अनादि है, जिसमें तीन तत्व आत्मा, परमात्मा और प्रकृति सतत गतिशील रहते हैं। इससे पूर्व कन्या गुरुकुल रुड़की की ब्रह्मचारिणियों ने अथर्ववेद के मंत्रों का सस्वर पाठ किया तथा यजमानों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम का मंच संचालन आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता ने किया। 4 नवम्बर को भजन संध्या तथा 5 नवम्बर को पूर्णाहुति आयोजित की जाएगी। मौके पर समीर सागर, संदीप काहनी, शशि मुनि, जगदीश आहूजा, योगी, बलराज खुराना, अंकुर अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने दिखाई रचनात्मकता, मानशी प्रथम और सुष्मा द्वितीय और रीतू तृतीय स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में सोमवार को आपदा प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इस विषय पर चिंतन व अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भारत में बाढ़ प्रबंधन तथा भूस्खलन एवं उसका प्रबंधन' विषयों पर अपने विचार लेख के रूप में प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने आपदा से निपटने के वैज्ञानिक उपायों, प्रशासनिक तैयारियों और सामाजिक जिम्मेदारी पर गहराई से प्रकाश डाला। छात्राओं ने अपने लेखों में पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास की अवधारणा को भी जोड़ा। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मानशी ने प्रथम स्थान, सुष्मा ने द्वितीय स्थान तथा रीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### निर्णायक मंडल में डॉ. निशा व डॉ. किरण रहीं



रोहतक। विजेताओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह व अन्य प्रोफेसर।

विजेता छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं को इस प्रकार की शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन समिति की संयोजिका ज्योति सहित दीपक मलिक, डॉ. वंदना, डॉ. सतीश, मनीषा और अमिता उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. निशा (कंप्यूटर विभाग) और डॉ. किरण (अंग्रेजी विभाग) ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका ज्योति ने सभी प्रतिभागी छात्राओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की लेखन क्षमता को निखारती हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देती हैं।

### आत्मविश्वास और अनुकूलन क्षमता पर कार्यशाला शुरू



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग द्वारा करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में द रेजिलिएंट स्टूडेंट: नेविगेटिंग चेंज विद कॉन्फिडेंस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का संचालन डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. प्रीति बोरा दून रहीं, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का संचालन सीसीपीसी के अंतर्गत किया, जबकि सह-समन्वयक रचना ने मंच संचालन का दायित्व निभाया। यह कार्यशाला एमएससी. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई। डॉ. मनीषा शर्मा ने सत्र में जीवन कौशल विकास, आधुनिक रोजगार आवश्यकताएं, शैक्षणिक उत्कृष्टता, और भविष्य की कार्य संस्कृति के लिए तैयारी जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया।

### पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड



**रोहतक।** एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशानुसार सोमवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्जों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। परेड में जिले के सभी पुलिस थानों, चौकियों, पुलिस कार्यालयों और अन्य इकाइयों में तैनात जवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए लॉ एंड ऑर्डर कंपनी द्वारा विशेष अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य जवानों को दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग और भीड़ नियंत्रण की रणनीतियों से भली-भांति अवगत कराना था। अभ्यास के दौरान जवानों को लाठीचार्ज, केन-शील्ड, गैस मास्क और अन्य दंगा निरोधक उपकरणों के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के नियमित अभ्यास से पुलिस बल की दक्षता और तत्परता में वृद्धि होती है। अधिकारियों ने जवानों को यह भी समझाया कि किसी भी कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति में अनुशासन और संयम बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है।

# महम तहसील में हुई पहली पेपरलेस रजिस्ट्री

**रोहतक की तहसीलों में भी कार्य आरंभ हो गया**

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि रोहतक की तहसीलों में भी पेपर लेस रजिस्ट्री का कार्य सोमवार से आरंभ हो गया है। जिले की महम तहसील में पहली पेपरलेस रजिस्ट्री की गई। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां पर पेपरलेस रजिस्ट्री का कार्य आरंभ हुआ है। सीएम नायब सैनी ने 29 सितंबर को बाबैन तहसील से पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की नई व्यवस्था की शुरुआत की थी। उपायुक्त गुप्ता ने कहा कि रोहतक जिला की तहसीलों में जमीन या संपत्ति की रजिस्ट्री पूरी तरह से डिजिटल हो गई है। इससे कागजी कार्रवाई से मुक्ति मिलेगी।

### अब लोगों को चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे



इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार 25 नवंबर से ऑटो म्यूटेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी, जिसका मतलब है कि रजिस्ट्री होते ही भूमि रिकॉर्ड में खरीदार का नाम अपने आप दर्ज हो जाएगा, इसके लिए अलग से कोई आवेदन या कागजी प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी। अब जिला के लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पेपर रजिस्ट्री, रजिस्ट्री की जटिल प्रक्रिया और भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास में समान भागीदारी, शासन में पारदर्शिता और समाज में संवेदनशीलता लाना है। पेपरलेस प्रक्रिया के तहत नागरिकों को केवल एक बार फोटो खिंचवाने व हस्ताक्षर के लिए तहसील जाना होगा। इसके बाद अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर अपनी स्वीकृति देंगे।

### जल निकासी को खरीदे जाएंगे पंप सेट

**रोहतक।** जिला की कृषि भूमि से जल निकासी का स्थायी समाधान किया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता सोमवार को कैंप कार्यालय में बाढ़ कंट्रोल बोर्ड की प्रस्तावित 57 वीं बैठक में रखें जाने वाले जिला के फ्लड एजेंडा को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर रहे थे। सिंचाई विभाग द्वारा फ्लड एजेंडा के तहत तैयार की गई सभी परियोजनाएं मुख्यालय को भेज दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उन सभी गांवों की सूची तैयार कर ली गई है, जहां पर हर बार कृषि भूमि में जल भराव होता है। उन्होंने कहा कि इन सभी चिन्हित गांवों से जल निकासी की स्थायी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करके सिंचाई विभाग को भेज दिया गया है। रोहतक के फ्लड एजेंडा में करोड़ों रुपए की परियोजनाओं को शामिल किया गया है। जिला के फ्लड एजेंडे को सीएम सैनी की अध्यक्षता में होने वाली बाढ़ कंट्रोल बोर्ड की 57 वीं बैठक में रखा जाएगा। जल निकासी परियोजनाओं को स्वीकृति मिलेगी तुरंत प्रभाव से कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। फ्लड एजेंडा में बाढ़ के पूर्वानुमान, बचाव और राहत कार्य और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय किए जाते है। बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता बलराज चौहान ने फ्लड एजेंडा के बारे में जानकारी दी। बैठक में सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरून मुंजाल, राजीव राठी, राजेश भारद्वाज, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, एसडीओ सुजीत व अंकित आदि मौजूद रहे।